# सीएम ने प्रशासनिक सचिवों के साथ 'मंडे मीटिंग' में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश सरकार की विकास परियोजनाओं और प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए गत दिवस को आयोजित सभी प्रशासनिक सचिवों की 'मंडे मीटिंगइ की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी प्रशासनिक सचिवों को लंबित परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इन इनका लाभ लोगों तक शीघ्र पहुंचाया जा सके।मुख्यमंत्री ने डिजिटल कार्य पद्धति के महत्व पर बल देते हुए अधिकारियों से कार्य निष्पादन में तेजी लाने के दृष्टिगत ई-फ ाइल प्रणाली का उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाल ही में आई आपदा के दृष्टिगत सरकार प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने के दृष्टिगत उनके लिए ऋ ण पुनःसंरचना के विकल्प पर विचार कर रही है। उन्होंने इस संबंध में एक व्यापक कार्य योजना की आवश्यकता पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में हाल ही में 3671 अनाथ बच्चों का नामांकन हुआ है और इन सभी को इस योजना के दायरे में शामिल किया जायेगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विभिन्न विभागों के विश्राम गृहों की दरों में समानता लाने के निर्देश दिए और कहा कि विश्राम गृहों की बुकिंग भी ऑनलाइन की जाएगी ताकि इसमें भी पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने राज्य में वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों को बचाए रखने के लिए एक उन्नत प्रणाली विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केन्द्रित करना समय की मांग है और वन विभाग को इस दिशा में तत्परता से कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सडकों के सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और प्रदेशवासियों को स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल परियोजनाओं में यूवी.तकनीक.आधारित फिल्टर प्रणाली के कार्यान्वयन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से रोबोटिक सर्जरी शुरू की जा रही है और स्वास्थ्य विभाग को इस पर समयबद्ध कार्य करना चाहिए। उन्होंने प्रस्तावित पर्यटन परियोजनाओं की भी समीक्षा की और उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अतिरिक्त सेब से सिरका और वाइन उत्पादन के लिए एक संयंत्र की स्थापना पर विचार करें। इसके अतिरिक्त टमाटर प्यूरीए पपीता पाउडर और आलू का पेस्ट जैसे उत्पाद तैयार करने की संभावनाएं भी तलाशी जाएं ताकि किसानों को इसका भरपूर लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क सहित आगामी परियोजनाओं की भी समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने गत 'मंडे मीटिंगइ में जारी दिशा-निदेर्शों पर की गई कार्रवाई पर भी चर्चा की।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने राज्यपाल से भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़, बादल फ टने और भू-स्खलन के कारण हुई जान-माल की क्षति से अवगत करवाया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे राहत कार्यों और प्रभावितों के पुनर्वास के लिए किए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थिति धीरे.धीरे सामान्य हो रही है और सडक एवं परिवहन व्यवस्था को सुचारू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को 18 से 25 सितंबर तक शिमला में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के आगामी मानसून सत्र के बारे में भी जानकारी दी।राज्यपाल ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा में पूरा प्रदेश प्रभावित परिवारों के साथ है।

उन्होंने संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों की सराहना करते हुए कहा कि बचाव एवं राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाए गए, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है।

## न्यूज फ्लैश

### पांवटा साहिब में पुलिस द्वारा नशीले कैप्सूल सहित काबू किए 2 युवक

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस ने दो युवकों को नशीले कैप्सूल सहित काबू किया है। आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय शहजाद अली पुत्र गुलाम रसुल निवासी गांव सूरजपुर ड़ा. पुरुवाला तहसील पांवटा साहिब जिला सिरमौर और रमजान शाह पुत्र जम्बील शाह निवासी जगतपुर ड़ा. माजरा तहसील पाँवटा साहिब जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बाइक सवार 2 युवकों के पास नशे का सामान हो सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम बैहराल बैरियर से करीब 200 मीटर आगे सडक पर नाकाबंदी पर तैनात हो गई। इस दौरान पुलिस ने लाल ढांक की ओर से आ रही एक बाइक एचआर-71के-2651 सीडी डीलक्स को जाँच के लिए रुकवाया। तलाशी के दौरान बाइक सवार युवकों के कब्जे से लाल रंग का कैरी बैग बरामद हुआ, जिसमें 9 अदद पते कैप्सूल बरंग ब्राउन ब्रामद हुए जो एक पत्ते में (8ग3) कुल 24 कैप्सूल व 9 पत्तो में कुल 216 कैप्सूल पाए गए। मामले की पुष्टि डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने की है।

### मधुसूदन शर्मा बने भाजपा जिला आईटी संयोजक

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने प्रेस को जारी ब्यान में कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल एवं प्रदेश भाजपा आईटी संयोजक अनिल डडवाल से चर्चा के उपरान्त मधुसूदन शर्मा को जिला कुल्लू भाजपा आईटी संयोजक बनाया गया है। इनके साथ देव राज शर्मा को जिला भाजपा आई टी सह संयोजक बनाया गया है। मधुदुसन शर्मा इससे पूर्व भाजपा बंजार मंडल संयोजक रहे हैं।



### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू की, कीमतें 10,29,000 रुपये से शुरू

**धर्मशाला:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज आधिकारिक तौर पर बुकिंग शुरू करने और अपनी नवीनतम पेशकश द ऑल न्यू टोयोटा रुमियन की कीमतों की घोषणा की,छह ग्रेडों में उपलब्ध इस असाधारण नए कॉम्पैक्ट बी.एमपीवी से अपने बेजोड़ स्थान और आराम,उत्कृष्ट ईंधन दक्षता,स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन के साथ नए मानक स्थापित करने की उम्मीद है।टीकेएम के उपाध्यक्ष बिक्री और रणनीतिक विपणन,अतुल सूद ने कहा ऑल न्यू टोयोटा रुमियन को ग्राहकों की पूछताछ के संदर्भ में मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद विनम्र और सम्मानित महसूस करते हैं।हमें बहुप्रतीक्षित ऑल न्यू टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू होने और कीमतों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो 10,29,000 रुपये से शुरू होती है।ऑल न्यू टोयोटा रुमियन बुक करने वाले ग्राहकों के लिए वाहनों की डिलीवरी 8 सितंबर 2023 से शुरू होगी।ऑल न्यू टोयोटा रुमियन उन्नत सुरक्षा सुविधाओं जैसे डुअल फ्रंट और फ्रंट सीट साइड एयरबैग,ईबीडी के साथ एबीएस,इंजन इम्मोबिलाइजर,इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम और बहुत कुछ के साथ अपने मालिकों के लिए सुरक्षा को भी प्राथमिकता देता है। ब्रांड के ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप हम ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं को समझने के लिए लगातार बाजार का अध्ययन करते हैं और उन्हें बेहतर कारें देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि अपने बेजोड़ स्थान,उन्नत सुविधाओं और असाधारण प्रदर्शन के साथ टोयोटा के मूल्य वर्धित प्रस्ताव और उत्कृष्ट बिक्री के बाद सेवा के साथ ऑल न्यू टोयोटा रुमियन एक सुखद स्वामित्व अनुभव की तलाश कर रहे समझदार परिवारों के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन जाएगा जिससे यह सुनिश्चित होगा हर ड्राइव आराम,आनंद और मन की शांति से भरी है। ग्राहक अब ऑल न्यू टोयोटा रुमियन को 11,000 रुपये की टोकन राशि पर अपने नजदीकी डीलर आउटलेट के साथ.साथ टोयोटा भारत. कॉम पर ऑनलाइन बुक कर सकते हैं।

# सडके खुलेगी तो ही आएगा राम राज्यः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रवक्ता बलबीर वर्मा और संदीपनी भारद्वाज ने कहा की कांग्रेस के कुछ मंत्री अपने आप को अग्रिम रखने के लिए आए दिन बयानबाजी कर रहे हैं, यह बयानबाजी केवल मात्र इसलिए हो रही है कि वह हिमाचल के मुख्यमंत्री के बराबर छाप सके और दिख सके।उन्होंने कहा की परंतु हिमाचल प्रदेश में सर्वाधिक दिक्कत सडकों के मामले में है, सडके खुल नहीं रही है और प्रदेश का किसान बागबान परेशान है।भाजपा का यह कहना है कि कांग्रेस पार्टी के मंत्री सडक खोलने पर ध्यान दें, प्रदेश में राम राज्य तभी आएगा जब सडके खुलेगी। भाजपा प्रवक्ताओं ने कहा की अपने विभाग तो कांग्रेस के मंत्री संभाल नहीं पा रहे हैं, सडके खुल नहीं रही हैं, प्रदेश के लोग परेशान है और कांग्रेस नेता रामराज्य की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा की रामराज्य की बात तो उनको छोड़ देनी चाहिए, पहले जो सडके हिमाचल प्रदेश को मिली है उनको खोलने पर पूर्ण ध्यान देना चाहिए।केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को सडकों की दृष्टि से हजारों करोड़ों रुपए दिए हैं, उसका इस्तेमाल कांग्रेस की वर्तमान सरकार को सडकों को खोलने और उनकी रखरखाव के लिए करना चाहिए।

# हिमाचल की 22 लाख महिलाएं को 2970 करोड़ का इंतजार : भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद, पायल वैद्या और सचिव डेजी ठाकुर ने कहा की हिमाचल प्रदेश की 22 लाख महिलाएं आज भी उसे कांग्रेस नेताओं की गारंटी का इंतजार कर रही है जो उन्होंने चुनाव के समय में दी थी। हम हिमाचल की सभी महिलाओं की ओर से कांग्रेस को याद दिलाना चाहेंगे कि कांग्रेस सरकार ने कहा था की जैसी वह सत्ता में आएंगे और उसके आते ही कांग्रेस के नेता सभी हिमाचल प्रदेश की महिलाओं को 1500 रु प्रतिमा देना शुरू कर देंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि जब से कांग्रेस सत्ता में आई है तब से कुंभकरण की नींद सो गई है। पहली कैबिनेट में गारंटी पूरी करने वाली कांग्रेस को 9 महीने बाद भी यह स्मरण नहीं हो पा रहा है की उन्होंने चुनावों के समय क्या क्या गारंटी जनता को दी थी। अगर गौर से देखा जाए तो हिमाचल प्रदेश में 22 लाख महिलाएं हैं, 9 महीने बीत चुके हैं और अगर 1500 रु प्रति महीने देने हो तो हर महीने के हिसाब से एक महिला को अभी तक 13500 रु खाते में पहुंच जाने चाहिए थे। भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि हिमाचल प्रदेश की महिलाओं को उनका हक जल्द से जल्द दिया जाए। आज भी 22 लाख महिलाएं 2970 करोड़ का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा की 2970 करोड़ हिमाचल की सुक्खू सरकार की 22 लाख महिलाओं को 9 महीने की देनदारी है। यह हक को कांग्रेस सरकार को हिमाचल की नारी शक्ति को देना ही होगा।

# पांवटा-शिलाई पर भूस्खलन हुआ, वाहनों का चलन ठप्प

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



जिला सिरमौर में बारिश थमने के बाद भी भूस्खलन का सिलसिला जारी है। जिला के पांवटा साहिब उपमंडल में एनएच 707 पांवटा शिलाई मार्ग एक बार फि र भूस्खलन हुआ है, जिससे मार्ग बंद हो गया है। बता दें कि कल शाम को एनएच 707 पर भूस्खलन हुआ है। गनीमत रही जिस समय यह भूस्खलन हुआ उस समय मार्ग पर कोई वाहन नहीं था। किसी प्रकार का कोई नुक्सान नहीं हुआ है। लेकिन भूस्खलन से यह मार्ग एक बार वाहनों की आवाजाही के लिए अवरुद्ध हो गया है। जिस कारण एनएच पर पांवटा से शिलाई जाने वाली और शिलाई से पांवटा आने वाले वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई हैं। हालांकि मार्ग को बहाल करने के लिए तुरंत ही जेसीबी मशीनें लगवाई गई हैं। जल्द ही मार्ग के खुलने की उम्मीद लगाई गई।

# मुख्यमंत्री ने नीरज चोपड़ा को स्वर्ण पदक जीतने पर दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुडापेस्ट हंगरी में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश के लिए गौरव का क्षण है कि देश के युवा खिलाड़ी ने विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि नीरज चोपड़ा ने इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर पहले भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रचा है।

# सुंदर सिंह ठाकुर ने आज आपदा प्रभावित ग्राम पंचायत बरशेणी का दौरा किया



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, पर्यटन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने आपदा प्रभावित ग्राम पंचायत बरशेणी का दौरा किया तथा आपदा प्रभावित लोगों से मिलकर उनके दुख दर्द को साझा किया। सीपीएस ने कहा कि आपदा की इस दुखद घड़ी मैं प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी है। आपदा प्रभावितो को हर सम्भव सहायता प्रदान की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा राहत नियमो में संशोधन कर आपदा राहत राशि मे 20 गुणा बढ़ोतरी की है।उन्होंने कहा कि भूस्खलन के कारण अबरुद्ध हुए सम्पर्क मार्गो को खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।जहां पुल बाढ़ में बह गये वहाॅ बेली ब्रिज लगाए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि भारी बारिश से लोगो के खेतों को भारी नुकसान हुआ है इसकी मरमन्त के लिए मनरेगा के माध्यम से करवाई जा रही है।जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष किशन ठाकुर, पार्षद भूपेंद्र शर्मा, करतार सिंह गुलेरिया फ्रूट ग्रोवर संगठन के अध्यक्ष और यशपाल ठाकुर खुशी राम, परवीन ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश ठाकुर रामकृष्ण, सेना पाल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने किया बजौरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा

**जायजा**

▶▶ इंचार्ज डॉ. ने इस दौरान उपायुक्त को बताया कि बाढ़ के कारण कृषि विज्ञान केंद्र में भारी नुकसान उठाना पड़ा है

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**



उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा का दौरा कर वहां जुलाई माह में बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल तथा विभिन्न डेमोंसट्रेशन इकाइयों को हुए नुकसान के बारे में भी जानकारी हासिल की। कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा की इंचार्ज डॉ. चंद्रकांता ने इस दौरान उपायुक्त को बताया कि बाढ़ के कारण कृषि विज्ञान केंद्र में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि 9 व 10 जुलाई को आई बाढ़ ने कृषि विज्ञान केंद्र की लगभग 1500 मीटर बाउंड्री दीवार को तोड़ दिया जिससे केंद्र के परिसर में भारी मात्रा में रेत इकी हो गई है जिससे यहां स्थित डेमोंसट्रेशन इकाइयों को भी भारी नुकसान पहुंचा है तथा यहां लगाई गई विभिन्न फ सले तथा अन्य फ ल पौधों को भी भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि डेमोंसट्रेशन क्षेत्र में लगभग 5 से 6 फु ट रेत इकी हो गई है जिससे यहां होने वाली सभी व्यवहारिक गतिविधियां वाधित हुई हुई है उन्होंने बताया कि डेमोंस्ट्रेशन इकाइयों में लगभग 5 से 6 फु ट रेत इका हो गया है जिसे निकलना अति आवश्यक है ताकि यहां दुबारा फ सलें लगाई जा सके। उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा करवाये गये आंकलन के अनुसार बाढ़ से लगभग 15 से 20 करोड़ का नुकसान आंका गया है।

# समय की जरूरत है नेरचौक पंडोह वाया गोहर को बाईपास नेशनल हाईवे बनाना

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**



आसमानी कहर वह प्राकृतिक आपदा के समय चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे सडक मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर जिस प्रकार से नेर चौक पंडोह वाया गोहर सडक मार्ग ने कुल्लू मनाली आए पर्यटकों स्थानीय लोगों को व सेब के सीजन में कुल्लू मनाली लोहल से दूसरे राज्यों को जाने वाली सेब गोभी मटर अन्य फ सलों को एक वैकल्पिक व प्रभावशाली मार्ग उपलब्ध करवाया है इस सडक मार्ग को बायपास नेशनल हाईवे बनाना-समय की मांग है। यह बात लोक निर्माण विश्राम गृह बासा गोहर में नाचन प्रवास के द्वारा दौरान पत्रकार वार्ता में पत्रकारों की एक सवाल के जवाब में मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद प्रतिभा सिंह ने कही। उन्होंने कहा जिस प्रकार से चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे पंडोह के करीब 7 मील 9 मील 6 मील पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है अगर पंडोह नेरचौक बाया गोहर सडक मार्ग ठीक ना होता तो यहां की जनता और बाहर राज्यों से आए पर्यटक बहुत बुरी तरह प्रभावित होते। उन्होंने माना बेशक की रोड तंग है मगर समय की मांग है इस रोड को नेशनल हाईवे बाईपास के रूप में विकसित किया जाए। सामरिक दृष्टि से भी यह रोड़ अति आवश्यक है।चाइना व पाकिस्तान के बोडर पर किसी भी आपात स्थिति में इस सडक मार्ग से सैनिक बल रसत व गोला बारूद ले जाने में यह रोड़ सदैव चलता रहेगा। सांसद प्रतिभा सिंह ने बताया इस बारे में वह भू-तल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी,देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से बात करेंगे। इस बारे में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण मंडल गोहर चमन ठाकुर ने बताया उन्होंने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से इस रोड के लिए एक प्रपोजल सरकार को भेजी है जिसकी लगभग 40 करोड रुपए की डीपीआर तैयार हुई है।नाचन से कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेश चौहान ने बताया लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ उनकी इस रोड के बारे में बातचीत हुई है उन्होंने आश्वासन दिया है जल्द ही इस वैकल्पिक रोड को बनाने की प्रतिक्रिया शुरू कर दी जाएगी। काबिले गौर है यह रोड पंडोह से नेरचौक मात्र 45 किलोमीटर है जिसमें नेरचौक से चैलचौक तक 15 किलोमीटर सडक मार्ग निमार्णाधीन है और चैलचौक से पंडोह तक मात्र 30 किलोमीटर सडक मार्ग का जोकि लगभग प्लेन सडक है उसका सुधार होना बाकी है।

अगर सरकार समय की मांग को ध्यान में रखते हुए इस सडक का कायाकल्प करती है तो यह व्यापारिक सामरिक भौगोलिक स्थिति के हिसाब से बहुत बढि?ा विकल्प बन सकता है।

# नेचर पार्क मौहल में आए अभिभावकों को जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**




साम्फि या फ ाउंडेशन द्वारा नेचर पार्क मौहल में दिव्यांगता पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आम जनों और पार्क में आए अभिभावकों को जागरूक किया। बीजू, कार्यक्रम प्रबंधक साम्फि या फ ाउंडेशन ने जानकारी देते हुए बताया की संफू एक जागरूकता का साधन है जिसके माध्यम से भीड़भाड़ वाले इलाकों एवं बाजारों में लोगों को दिव्यांगता के बारे में जागरूक किया जाता है। इसी उपलक्ष्य पर आज साम्फि या फ ाउंडेशन की समावेशी टीम नें डॉ. श्रुति भारद्वाज, निदेशक साम्फि या फ ाउंडेशन के नेतृत्व में नेचर पार्क मौहल में घुमने आए आम जनों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान साम्फि या फ ाउंडेशन का समावेशी योद्धा जिसे सम्फू का नाम दिया है उसके माध्यम से बच्चों तथा अभिभावकों का ध्यान केन्द्रित करने के चलाया गया जो वास्तव में बच्चों के पसंदीदा कार्टून डोरेमोउन का डम्मी है।

# ऊना में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना जिला मुख्यालय पर स्थित इंदिरा गांधी खेल परिसर के एस्ट्रोटर्फ पर सोमवार को दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आगाज हुआ। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की याद में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 9 टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ डीसी ऊना राघव शर्मा द्वारा किया गया, जबकि इस अवसर पर पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा व जिला खेल अधिकारी प्रिंस पठानिया विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डीसी ऊना ने खिलाडियों से मुलाकात कर उन्हें खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश देते हुए इस प्रतियोगिता के लिए शुभकामनायें भी दी। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर गणमान्य लोगों के



मेजर ध्यान चंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और डीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का आगाज किया। वहीं इस अवसर पर डीसी ऊना राघव शर्मा और पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने प्रदेशभर से आई टीमों के खिलाडियों के साथ मुलाकात भी की। इस दौरान खिलाडियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी भी दी। प्रदेश स्तरीय मेजर ध्यानचंद प्रतिभा खोज अंडर-19 हॉकी प्रतियोगिता का पहला मैच शिमला और कांगड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें शिमला के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांगड़ा को 3-2 से हराया। जबकि दूसरे मैच सिरमौर और सोलन के बीच खेला गया। इसमें जिला सिरमौर ने एकतरफा मैच में सोलन को 9-0 से हराया। वहीं तीसरे मैच मेजबान टीम ऊना और हमीरपुर की टीम के मध्य हुआ, जिसमें ऊना की टीम ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए हमीरपुर को 15-0 से मात दी।

# बरसाती मेंढक की तरह आपदा में बयान दे रही सांसद प्रतिभा सिंहः राकेश जम्वाल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

सासंद प्रतिभा सिंह इन दिनों मंडी जिला के दौरे पर क्षेत्र में मौजूद हैं। इस दौरान मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह द्वारा पीएम मोदी के खिलाफ  दिए बयान पर अब प्रदेश भाजपा हमलावर हो गई है। प्रदेश भाजपा कोर कमेटी सदस्य एवं विधायक राकेश जम्वाल ने सांसद पर तीखा जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि देश के पीएम पर सांसद को इस तरह के बयान देने पहले सौ बार सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में पीएम मोदी ने अपने दूसरे घर हिमाचल के लिए करोड़ो रुपए की सौगात दी है लेकिन मंडी की सांसद शायद इस बात से अनभिज्ञ है क्योंकि जिस सांसद को आपदा के करीब 15 दिनों बाद अपने लोकसभा क्षेत्र की याद आ रही हो उससे और उम्मीद भी क्या की जा सकती है। राकेश जम्वाल ने कहा



कि आपदा के समय में रजवाड़ी शाही की सांसद से प्रभावितों की सहायता के लिए राहत राशि के नाम पर एक रुपए की भी सहायता नहीं निकल पाया है ऐसे में कुछ भी आरोप लगाने से पहले सांसद को सौ बार सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सबसे पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ही कुल्लू दौरे पर आए थे जिन्होंने पीएम मोदी को आपदा की सारी जानकारी दी थी जिसके बाद उन्होंने प्रदेश की सडकों को दुरुस्त करने का वादा किया है लेकिन सांसद इन सब बातों का ज्ञान नहीं है इसलिए सांसद पहले अपनी जानकारी दुरुस्त कर लें उसके बाद ही बयानबाजी करें।राकेश जंवाल ने कहा कि प्रदेश में जब पहली प्राकृतिक आपदा कुल्लू-मनाली और मंडी में आई थी तो उसी समय पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल को 180 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की थी। उसके एक सप्ताह के भीतर 183 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि की दूसरी किश्त जारी की थी।

उसके बाद पीएम मोदी ने 2643.01 करोड़ रुपए पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत किए हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने शिमला में आई प्राकृतिक आपदा के समय 200 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की है लेकिन शायद सांसद प्रतिभा सिंह अपनी रजवाड़ा शाही के चलते आम जनता के दुख दर्द से दूर है और पीएम मोदी द्वारा करीब 3 हजार करोड़ से ज्यादा दी गई आर्थिक सहायता राशि से अनभिज्ञ है।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा नेताओं ने नीरज चोपड़ा को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

नीरज चोपड़ा ने भारत को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में पहला गोल्ड मेडल दिलाया। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, महामंत्री त्रिलोक कपूर, डॉ. सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा ने उन्हों बधाई दी।भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर कहा कि नीरज द्वारा यह जीता मेडल भारत लिए गौरव का विषय है। नीरज ने जैवलिन थ्रो के फ इनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.17 मीटर की दूरी तक भाला फेंका। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में जैवलिन थ्रो के फ इनल में 12 खिलाडि?ों ने हिस्सा लिया। इसमें नीरज टॉप पर रहे और गोल्ड जीता। वहीं भारत के किशोर जेना पांचवें नंबर पर रहे। किशोर ने 84.77 मीटर की दूरी तक भाला फेंका। डीपी मनु छठे नंबर पर रहे। उन्होंने 84.14 मीटर की दूरी तक भाला फेंका।चेक रिपब्लिक के वाडलेच तीसरे नंबर पर रहे थे। उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वाडलेच ने 86.67 मीटर की दूरी तक भाला फेंका। नड्डा ने कहा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए नीरज चोपड़ा को हार्दिक बधाई। खेल के प्रति आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण अद्वितीय है और आपका रिकॉर्ड तोड? वाला प्रदर्शन भारत के सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है और उत्कृष्टता के लिए आपके निरंतर प्रयास का प्रमाण है। मैं आपके भविष्य के प्रयासों के लिए आपको शुभकामनाएं देता हूं। आप भारत को गौरवान्वित करते रहें।बिंदल ने कहा प्रतिभाशाली नीरज चोपड़ा उत्कृष्टता का उदाहरण हैं। उनका समर्पण, सटीकता और जुनून उन्हें न केवल एथलेटिक्स में चैंपियन बनाता है बल्कि पूरे खेल जगत में अद्वितीय उत्कृष्टता का प्रतीक बनाता है। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के लिए उन्हें बधाई।

### हाईकमान से चर्चा के बाद सोहन सिंह ठाकुर ने की नाचन भाजपा मंडल टीम गठित

मुरारीलाल राणा दलीप ठाकुर अंजु चौहान ओमवती धर्मेश्वर दत्त रुपसिंह चौधरी बनाए गए उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

भाजपा नाचन मंडल अध्यक्ष सोहन सिंह ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के अध्यक्ष हीरा लाल और अन्य वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने के बाद नाचन क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं को मंडल में पदाधिकारी एवं सदस्य के पद पर नियुक्ति दी है। मनोनीत सदस्यों में नाचन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पद पर मुरारी लाल राणा, दलीप ठाकुर, अंजू चौहान, ओमा वती, धमेश्वर दत्त और रूप सिंह चौधरी को नियुक्त किया है। महामंत्री के पद पर मुकेश चन्देल और संदीप सेन की ताजपोशी की गई है। कोषाध्यक्ष मनोज ठाकुर और सचिव पद पर हीरा लाल, नरेंद्र शर्मा, संदीप ठाकुर, चेतराम नायक, हेमराज और बिशन दास को नियुक्त किया है।

कार्यालय सचिव पद पर लाभ सिंह और तेजपाल शर्मा को मंडल अध्यक्ष ने नियुक्त किया है। प्रवक्ता पद पर संतराम, डॉ. मानव ठाकुर और ईश्वर दास को बनाया गया है। मीडिया प्रभारी के पद पर हरीश ठाकुर, हितेंद्र चन्देल, गगन शर्मा और ठाकर दास को चुना गया है। आईटी संयोजक के पद पर प्रवीण ठाकुर और सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर आदित्य शर्मा को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में मंजू देवी, चंपा शर्मा, लीला देवी, चूडामणि, सतीश ठाकुर, बालक राम, मुरारी लाल, हेम सिंह ठाकुर, बलि राम, रत्न लाल, धनी राम, हुकम चंद, खेम चंद, कल्पना ठाकुर, खेम सिंह, सोम कृष्ण शर्मा, मीना देवी, चुनी लाल शर्मा, दिनेश कुमार उर्फ  संजू, यादवा ठाकुर, लाल सिंह यादव, हरबंस कपूर, बसन्त लाल, मनोज शर्मा, श्याम लाल शर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, संजय नायक, बालक राम, डिम्पल कुमारी, इन्द्र सिंह, घनश्याम, भुवनेश्वर, कमल, विमला,संदीप शर्मा, रत्न लाल, रीता देवी, बृज लाल और केशव राम को नियुक्त किया गया।

# सीटीयू बस चालक व परिचालक का रास्ता रोककर मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पंजाब के तलवाड़ा से चंडीगढ़ जा रही सीटीयू की बस के चालक और परिचालक के अंब उपमंडल के तहत पड़ते गोंदपुर बनेहड़ा में रास्ता रोककर मारपीट करने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग के चालक वीरेंद्र मोहन सिंह ने बताया कि वह बस लेकर तलवाड़ा से चंडीगढ़ जा रहे थे। दोपहर जब दौलतपुर चौक पहुंचे तो निजी बस देवीदर्शन उनके ठीक पहुंचने पर आगे निकल गई। काफी देर तक हॉर्न बजाने के बावजूद रास्ते में देवी दर्शन बस के चालक ने उन्हें पास नहीं दिया। यहां तक कि पास लेने के चक्कर में उनकी बस एक खंभे में टकराने से बाल बाल बच गई, जबकि यात्री सीटों से नीचे भी गिर गए। इसी दौरान जब सीटीयू की बस अंब उपमंडल के गोंदपुर बनेहड़ा पहुंची, तो देवी दर्शन बस के चालक ने बीच सडक गाड़ी को रोक कर उनका भी रास्ता रोक दिया। जब चंडीगढ़ की बस के चालक और परिचालक ने नीचे उतरकर उनसे बात करनी चाहिए, तो निजी बस के चालक और परिचालक सहित करीब 5 अन्य लोगों ने उन पर हमला करते हुए बुरी तरह मारपीट कर डाली और उनकी वर्दी भी फाड़ दी।

# पर्यावरण संरक्षण को आगे आया रोटरी क्लब नाहन सिरमौर हिल्स

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

रोटरी क्लब नाहन सिरमौर हिल्स ने भारतीय सेना की स्थानीय बटालियन के साथ हाजीपीर विजय दिवस को पौधा रोपण करके मनाया। नाहन के छावनी क्षेत्र में भारतीय सेना के कमांडिंग ऑफि सर रावत ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसमें आर्मी स्कूल नाहन के छात्र, सेना के जवानों और क्लब के सदस्यों ने चंदन अर्जुन, आंवला, कचनार, बेरी, बांस इत्यादि के लगभग 150 पौधों का रोपण किया।



इस अवसर पर श्री रावत ने पर्यावरण में हो रहे पारिस्थितिक असंतुलन के विषय में चिंता व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया। आज लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन राकेश थापा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए भारतीय सेना के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया। क्लब के सचिव विभोर कुमार, डॉ. एसके सबलोक, प्रगति सबलोक, शिवानी थापा, अमित अत्री, सुशील अत्री, प्रोजेक्ट चेयरमैन राजीव बंसल और कुलदीप बंगा मौजूद रहे।

# अघोषित बिजली कट से परेशान दियोली के ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

गगरेट सब डिवीजन के अंतर्गत गांव दियोली के ग्रामीण बिजली के आए दिन लगने वाले अघोषित कट से परेशान है। बिना बताएं कट लगाने के चलते ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन का रास्ता अपनाने की ठानी है।

दियोली निवासी अश्वनी, अंकुश, रशपाल, कुलवीर व प्रदीप ने बताया कि करीब एक माह से रोजाना शाम के समय बिजली चली जाती है और सुबह तक नहीं आती है, जिसकी विभाग द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जाती। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को कई बार  इस विषय में शिकायत की, लेकिन हर बार जवाब मिलता है कि लाइन पर पेट्रोलिंग की जा रही है, लाइन का फाल्ट नहीं मिल रहा है। बावजूद इसके आज दिन तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। बिजली न होने से रोजाना के जनजीवन पर असर आता है, बिजली की वजह से पेयजल योजनाए नही चलती सुबह नलकों में पानी नही आता बिजली संकट के साथ साथ लोग पेयजल से भी परेशान होते है । छोटे कारोबारियों को बिजली की बजह से उनके कामकाज पर सीधा असर आ रहा है । स्थानीय लोगों की गगरेट विधायक चैतन्य शर्मा से अपील है कि गगरेट से ऐसे अधिकारियो को तुरंत बदला जाए, जिन्हें एक माह से बिजली कट क्यों लग रहे है, ये भी मालूम नहीं चल रहा है। स्थानीय कनिष्ठ अभियंता को तो ये तक मालूम नहीं होता कि उसके कर्मचारी इस समय किस लाइन का फाल्ट ढूंढ रहे है। विभाग से कई बार आग्रह किया जा चुका है, लेकिन इसका कोई स्थाई समाधान नहीं निकला है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि विभाग तीन दिन में इसका पक्का समाधान नहीं करेगा, तो बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा ।

# जेएनवी में छठी कक्षा की पंजीकरण तिथि बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला में कक्षा छठी में दाखिले की पंजीकरण तिथि को 31 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राज सिंह ने बताया यह फैसला प्रदेश में अत्याधिक बारिश वाले मौसम को मध्यनजर रखते हुए लिया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी में पंजीकरण के लिए फॉर्म जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

# पटेल कम्पनी ने दर्जनों ठेकेदारों का नहीं दिया पेमेंट, मजदूर 5 महीने से परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

जिला किन्नौर में एचपीपीसीएल के शौंग ठोंग करछम जलविद्युत परियोजना के निमार्णाधीन कार्य कछुए की चाल में चल रहा है और वर्ष 2013 से यानि करीब 12 वर्षो से एचपीपीसीएल  के निर्माण कार्य को करने वाले कम्पनी पटेल की लेट लतिफ ी के चलते प्रदेश सरकार को भी रोजाना करोड़ो का नुकसान हो रहा है लेकिन पटेल कम्पनी इस विषय पर गंभीर नहीं दिख रही और प्रदेश के मुखिया सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी शौंगठोंग जलविद्युत परियोजना के कार्य को पटेल कम्पनी को वर्ष 2025 तक समाप्त करने के निर्देश दिए थे लेकिन हालात इतने गंभीर हो गए है कि पटेल कम्पनी ने अबतक एचपीपीसीएल के कार्यरत मजदूरों को करीब 5 माह का तनख्वा नहीं दिया है जिसके चलते कई मजदूरों के घर के चूल्हे भी गर्म नहीं हो रहे है और बिना खर्चे के परेशान है। पटेल कम्पनी के ठेकेदार यूनियन के अध्यक्ष हितेश नेगी ने अपने जारी प्रेस ब्यान मे बताया कि पहले मजदूरों के तनख्वा का मामला था जिसके चलते मजदूरों ने पटेल कम्पनी व एचपीपीसीएल के खिलाफ  तीन दिन धरना प्रदर्शन किया और अब मामला मजदूरों के बाद ठेकेदारों तक पहुंच चूका है जहाँ करोड़ो के काम समाप्त करने के बाद ठेकेदारों को भी पटेल कम्पनी द्वारा करोड़ो की राशि अबतक अदा नहीं किया है और कम्पनी ने अपने गर्भ में करोड़ो की राशि को दबा रखी है जिसके चलते ठेकेदारों के अधिन काम करने वाले मजदूरों को तनख्वा नहीं दिया गया है लिहाजा मजदूरों के घर के चूल्हे खाली और ठेकेदारों के जेब भी खाली हो चुके है ऐसे मे पटेल कम्पनी ठेकेदार यूनियन ने 29 अगस्त, 2023 से पटेल कम्पनी के कार्यस्थल पर सभी प्रकार से काम को रोकने का निर्णय लिया है जिसके लिए सोमवार को शौंग ठोंग मे ठेकेदारों ने एक बैठक भी किया है

और जबतक ठेकेदारों के करोड़ो की राशि अदा नहीं की जाती तबतक पटेल कम्पनी के सभी निर्माण कार्य रोके जाएंगे।

बताते चले कि पटेल कम्पनी एचपीपीसीएल के शौंग ठोंग करछम जलविद्युत परियोजना के कार्य को यदि एक दिन भी रोकते है तो सरकार को करोड़ो का नुकसान होगा और जलविद्युत परियोजना के कार्य प्रगति के साथ सरकार द्वारा जनता को वर्ष 2025 में जलविद्युत परियोजना के काम समाप्त करने का वचन भी टूट जाएगा।

# किताब छोड़ फावड़ा एवं कुदाल उठाने को मजबूर विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

भाखली खड्ड में आई बाढ़ से दलदल बन चुका राजकीय महाविद्यालय सराज, लंबाथाच परिसर को स्वच्छ करने का बीड़ा आखिर महाविद्यालय प्रशासन एवं छात्रों ने उठाया।

बाढ़ के कारण महाविद्यालय परिसर तथा भूतल में स्थित रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, व्यायाम शाला एवं शारीरिक शिक्षा विभाग में भारी मात्रा में कीचड़ घुस चुका है, जिसके कारण कक्षाओं में अध्ययन और



अध्यापन तो दूर प्रवेश करना भी असंभव हो चुका है।

महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं गैर शिक्षक वर्ग ने आपस में मिलकर सोमवार को 10 बजे से 3 बजे तक अनवरत स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में एनसीसी, एनएसएस, रोवर एंड, रेंजर स्पोर्ट्स क्लब, इको क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, रेड रिबन क्लब के साथ समस्त महाविद्यालय के छात्रों ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया।

महाविद्यालय प्राचार्या जया ठाकुर ने इस अभूतपूर्व कार्य में बढ़ चढकर हिस्सा लेने के लिए समस्त छात्रों, शिक्षक तथा गैर शिक्षक वर्गों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। साथ ही अध्यापक-अभिभावक संघ के प्रधान भीम सिंह, पंचायत समिति सदस्य ज्ञान चंद वर्मा तथा राजस्व अधिकारियों का भी इस प्रशंसनीय कार्य में सम्मिलित होने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया।

महाविद्यालय में बिजली एवं पानी की व्यवस्था पूर्ण रूप से बाधित है। छात्र कक्षाओं की सफ ई के लिए पानी भी भाखली खड्ड से लाने को मजबूर हैं।

# आपदा प्रभावित लोगों को मिले घर बदले घर और जमीन के बदले जमीन :राजेश

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जिला मंडी में हुई मूसलाधार वर्षा से जो भारी भूस्खलन हुआ जिसमें कई लोगों के मकान व जमीन बह गई उनको अब सरकार की मदद की दर करार है। मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पन्नालाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक राजेश कपूर ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि इस आपदाकाल में जिन लोगों के घर भूस्खलन व बाढ़ में बह गए हैं उन्हें सरकार मकान के बदले मकानए जमीन के बदले जमीन उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो ऐसे हैं जिनके पास ना घर बचा और न ही घर बनाने के लिए जमीन, खेत खलियान भी भूस्खलन की भेंट



चढ़ गए और अब इन लोगों को अपने परिवार का पोषण करने की चिंता सता रही है। उन्होंने कहा कि पन्नालाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट मंडी ने अपनी टीम के साथ सभी क्षेत्रों का दौरा किया और लोगों की जिस प्रकार भी मदद हो सकती थी मदद की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घर की छत नहीं थी उन्हें छत प्रदान की गई, जिनके पास भोजन नहीं था उन्हें भोजन उपलब्ध करवाया, जिनके पास राशन नहीं था उन्हें राशन पहुंचाया गया। यही नहीं गरीब और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए भी धन खर्च किया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य है कि वह आम गरीब लोगों की मदद करें जिनकी पहुंच सरकार तक नहीं है। ट्रस्ट के लोग ऐसे गरीब और असहाय लोगों के पास पहुंचते हैं और उनकी पूरी वस्तु स्थिति का आकलन कर उन्हें ट्रस्ट की ओर से जहां मदद दिलाई जाती है, तो वही सरकार तक उनकी फ रियाद को पंहुचने का काम भी किया। उन्होंने कहा कि सदर क्षेत्र की पंचायत प्रतिनिधियों से उन्होंने संपर्क करके उन लोगों की सूची तैयार की है जिन्हें मदद की दरकार है।

उन्होंने कहा कि गरीब की सेवा करना ही भगवान की असली सेवा है तथा जो उस गरीबों के मुख से दुआएं निकलती है वह दवा का काम करती है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वह जिन लोगों के आशियाने उजड़ गए हैं उन्हें आशियाना बनाने के लिए धन के साथ-साथ उपयोगी जमीन भी उपलब्ध करवाए। इस अवसर पर उनके साथ सदर विधानसभा क्षेत्र के करीब 35 पंचायत प्रतिनिधि भी साथ थे।

# पाठशाला नारी में ईको क्लब के द्वारा किया पौधा रोपण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय उच्च पाठशाला नारी में संचालित यूथ और ईको क्लब के सदस्यों तथा अध्यापकों  द्वारा पाठशाला के  प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। इको क्लब के सदस्यों ने पाठशाला में बनी क्यारियों  में ऊगी घास को उखाड़ साफ सफाई की। इस अवसर पर इको क्लब के प्रभारी देवेंद्र कुमार ने सदस्यों का मार्गदर्शन किया

और उन्हें स्कूल प्रांगण क्यारियों की देखभाल और स्कूल की



सुंदरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के मुख्याध्यापक अशोक कुमार बैंस ने बच्चों को अधिक से अधिक पेड़- पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पाठशाला के अध्यापक कुलदीप चंद, दविंदर कुमार, अल्का रानी, रविंद्र राणा, राकेश कुमार, सतनाम सिंह व अरुण कुमार उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### फर्जी तरीके से निकाली गई 20 सिम के साथ युवक पकड़ा

**मथुरा। साइबर** क्राइम में लगे लोगों के लिए आसानी से सिम कार्ड हासिल कर लेना जहां मददगार साबित हो रहा है वहीं पुलिस और आम लोगों के लिए यह परेशानी का कारण बना हुआ है। फर्जी तरीके से सिम कार्ड हासिल कर उनका उपयोग लोगों के साथ धोखाधडी करने में किया जाता है। जबकि यह धोखाधडी उन लोगों के लिए कई बार जी का जंजाल बन जाती है जिनका आधार कार्ड और दूसरे दस्तावेजों का उपयोग कर सिम कार्ड हासिल किये गये हैं। थाना शेरगढ़ ने इसी तरह के एक मामले का खुलासा किया है। एक युवक को साइबर क्राइम के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने ऐसे 20 सिम कार्ड बरामद किए हैं जो फर्जी तरीके से हालिस किए गये थे। थानाध्यक्ष शेरगढ सोनू कुमार के मुताबिक सूचना पर सेक्सटॉर्शन, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर जनता के लोगों को उकसाकर व अश्लील वीडियो बनाकर अवैध तरीके धमकी देकर धन अपने फर्जी बैंक खातों, पेटीएम, फोन पे, गूगल पे इत्यादि में पैसे डलवाने वाले जैसे साइबर अपराधों में प्रयुक्त होने वाले फर्जी सिम कार्ड बेचते अबरार पुत्र असरफ अली निवासी ग्राम जंघावली थाना शेरगढ को जंघावली पुलिया से गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 420 में मामला पंजीकृत किया है।

### जमीन का क्रेता को इकरनामा, पुत्रों कर दिया दाननामा

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव मलसराय के एक व्यक्ति ने उधार के पैसे लौटाने के नाम खेत बेचने की बात कहकर और पैसे लेकर इकरारनामा कर दिया। परंतु दाननामा अपने परिजनों के नाम कर दिया। पीड़ित ने थाना गोवर्धन में मुकदमा दर्ज कराया है। गंगाराम निवासी मलसराय के अनुसार उसके खेत के पड़ोसी सत्यपाल सिंह ने आठ साल पहले दो लाख रुपए उधार लिए। मांगने पर ग्रामीणों के सामने पंचायत में सत्यपाल ने पांच लाख रुपए में खेत को बेचने की बात कही तथा गंगाराम से एक लाख रूपए बाद में देने की बात कहकर चार लाख रुपए और ले लिए। तथा खेत का इकरारनामा गंगाराम ने नाम कर दिया। तय सीमा पर जब गंगाराम ने रजिस्ट्री की बात कही तो मालूम चला कि सत्यपाल ने इकरारनामा के बावजूद अपनी भूमि का दाननामा अपनी पुत्रवधू प्रीति चौधरी, पिंकी तथा अपने पुत्र पवन सिंह के नाम कर दिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने इकरारनामा की जानकारी के बाद भी कूटरचित दाननामा पंजीकृत कराया है। पीड़ित ने सत्यपाल सिंह, प्रीति चैधरी, पिंकी, पवन सिंह, रमेश चंद निवासीगण मलसराय श्याम बिहारी निवासी गरीबा हाथरस के खिलाफ आईजी आगरा को तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### इफको एमसी ने मनाया स्थापना दिवस

**मथुरा**/कृषि रसायन के क्षेत्र में 28 अगस्त 2015 को स्थापित हुई संस्था इफको एमसी (इफको एवं मित्सुबिशी का संयुक्त उद्यम) ने आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर अपना 9 वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन छड़गांव में किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके मथुरा वाईके शर्मा, वरिष्ठ क्षेत्राधिकारी इफको मथुरा सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे। इफको एमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल धींगरा ने वीडियो संदेश के माध्यम से इफको एमसी के बारे में जानकारी देते हुए संस्था के तीन मूलभूत सिद्धान्तों सही दवा, सही दाम व किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी, साथ ही किसानों को अपने महत्वपूर्ण उत्पादों हुमेत्सु, ससागे, अमिनोज के बारे में बताया व प्रशिक्षित अनुभवी क्षेत्रीय अधिकारियों के माध्यम से किसानों को जागरूक करने का प्रोत्साहन दिया। इफको एमसी के मनीष यादव ने संचालन व संस्था के द्वारा दिए जाने वाले संपूर्ण रसायनों के विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में इफको एमसी मंडल अधिकारी मनीष यादव ने आये हुए किसानों व मेहमानों का धन्यवाद देते हुवे भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग व मार्गदर्शन हेतु सुझाव देते रहने का निवेदन किया। कार्यक्रम में आईएफएफडीसी छड़गांव राजेंद्र शर्मा, एसएफए सुरजीत यादव, कुलदीप चतुवेर्दी व एग्री जंक्शन केंद्र बरारी, एग्री फरह का सहयोग सराहनीय रहा।

### मथुरा वृंदावन रेल प्रोजेक्ट पर मांगे सुझाव

**मथुरा।**
**वृंदावन और** मथुरा के बीच प्रस्तावित रेलवे लाइन को लेकर कई तरह के विवाद खडे हो गये हैं। अभी तक वह लोग विरोध कर रहे थे जिनके मकान ध्वस्तीकरण के चपेट में आये हैं। ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एकाएक समाज के कई तबके के लोग प्रोजेक्ट को लेकर आशंकित हो उठे हैं। शहर के अलग अलग वर्ग के लोगों की आशंकाएं भी अलग अलग हैं।

कोई शहर के दो हिस्सों में बंट जाने की बात कर रहा है तो कोई जलभराव की समस्या और गंभीर हो जाने की आशंका जता रहा है। लोग विभिन्न स्तरों पर अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं। सांसद हेमा मालिनी ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया है। वहीं लोगों की ओर से कॉरिडोर से लेकर मेट्रो चलाने तक के सुझाव दिये जा रहे हैं। अब रेलवे मथुरा वृंदावन रेल प्रोजेक्ट पर लोगों के सुझाव लेगा।

# छात्रवृत्ति, पेंशन जिनकी अटकी है उन्हें मिलेगी राहत

## सोशल सेक्टर की योजनाओं की समीक्षा, लक्ष्य को पूरा करने व सत्यापन करने पर जोर



**योजना**

▶▶ सेक्टर की समस्त पेंशन योजनाओं के सत्यापन एवं स्वीकृति में अनावश्यक विलंब कतई ना किया जाए

**मथुरा।**
**जिलाधिकारी पुलकित** खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में निर्देश दिए कि समाज कल्याण विभाग के सभी लंबित पेंशन आवेदनों की जिला व ब्लॉक स्तर से निस्तारण कराएं। वृद्धा, निराश्रित विधवा एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना के लंबित समस्त आवेदन पत्रों का अभियान चलाकर सत्यापन कराए। शीघ्र सत्यापन का कार्य पूर्ण करा लिया जाएं, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जा सके। समाज कल्याण विभाग द्वारा आगामी महीनों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का आवेदन पत्र भरवाए। अधिक से अधिक गरीब बेटियों की शादी सामूहिक विवाह योजना के दौरान कराकर लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन विभाग की विभिन्न योजनाओं का आम जनमानस में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने एवं दिव्यांगजनों को योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने के निर्देश दिव्यांगजन अधिकारी को दिए। दिव्यांगजनों को लाभान्वित कराए जाने ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरणों इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। निराश्रित विधवा पेंशन योजना के लंबित आवेदन पत्रों के सत्यापन एवं स्वीकृति की कार्रवाई जल्द से जल्द करें।

सोशल सेक्टर की समस्त पेंशन योजनाओं के सत्यापन एवं स्वीकृति में अनावश्यक विलंब कतई ना किया जाए। कन्या सुमंगला योजना के लंबित समस्त आवेदन पत्रों का संबंधित अधिकारीगण द्वारा अविलंब निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्गों की छात्रवृत्ति योजना से संबंधित समस्त आवश्यक कार्रवाई समय सीमा के अंदर करा लिए जाएं। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत बच्चों को बेहतर कोचिंग दिए जाने हेतु आवश्यक सभी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बच्चों को मोटिवेशन हेतु इच्छुक अधिकारीगणों का रोस्टर बनाया जाए, जिससे वे स्वेच्छा से समय-समय पर पढ़ने का कार्य करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन कल्याण एवं पिछले पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजना की समीक्षा कर बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## रिकॉर्ड होल्डर पर्वतारोही टीम के सदस्यों ने डीएम से की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**सोमवार को** कलेक्ट्रेट में डेंजरस एडवेंचर अंतर्वेद स्पोर्ट्स लागिस्ट अवध बिहारी लाल ने टीम के सदस्यों के साथ जिलाधिकारी पुलकित खरे से भेंट की। टीम के सदस्य जितेंद्र प्रताप द्वारा बताया गया कि वह जनपद में प्रमुख चौराहों एवं स्कूलों में जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना एवं राष्ट्र हित में विद्युत की खपत कम करने, सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करने, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे। टीम के सदस्य जितेंद्र प्रताप द्वारा बताया गया कि उनकी टीम ने 11 देशों में विश्व पदयात्रा की है और विश्व पदयात्रा के दौरान माउंट एवरेस्ट बेस कैंप की यात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न की गयी। वह उत्तर प्रदेश की पौराणिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पावन



पवित्र भूमि के 75 जनपदों की यात्रा पूरी करेंगे। अभी तक टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के 29 जिलों की यात्रा की जा चुकी है। टीम कुल चार लाख 38 हजार किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर चुकी है। वर्ल्ड टूर बाई ऑन फुट जर्नी पर्वतारोही एंड गिनिज बुक, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम के सदस्यों जितेंद्र प्रताप, महेंद्र प्रताप, गोविंद नंद ने जिलाधिकारी पुलकित खरे से भेंट कर उनसे आगे के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## जैंत पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़

**मथुराः दो दिन** पूर्व चौमुहां से बच्चे के अपहरण के आरोपियों के साथ जैंत पुलिस, स्पेशल टास्क फोर्स, एसओजी व रिवार्डेड टीम की मुठभेड़ हो हुई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक आरोपी घायल हो गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरा आरोपी भागने में सफल रहा। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व बच्चे का स्कूली बैग बरामद हुआ है। सोमवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि बच्चे के अपहरणकर्ता चौमुंहा बढ़ौता रोड पर घूम रहे हैं। इस पर पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया तो बाइक सवार दो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा फायर करने पर एक आरोपी पैर में गोली लगने घायल होकर बाइक से गिर पड़ा।

## प्रिंट मीडिया आज भी विश्वसनीय है : लक्ष्मीनारायण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**वर्तमान समय** में पत्रकारों के सामने मौजूद चुनौतियों पर स्थानीय होटल में आयोजित हुए उपज के प्रांतीय सम्मेलन में गहन चिंतन हुआ। प्रदेश सरकार में केंद्रीय मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राष्ट्रीय महासचिव एनयूजेआई सुरेश शर्मा ने उपज के पदाधिकारियों के साथ मिलकर उपज पत्रिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि पत्रकारिता के बदलते स्वरूप में प्रिंट मीडिया आज भी विश्वसनीय है। डिजिटल युग में भी प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता में कोई कमी नहीं आई है और लोग



आज भी प्रिंट मीडिया का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चैथे स्तंभ को बिना किसी भय के राष्ट्रहित में लिखने की हिम्मत को बनाए रखना है। मीडिया का लोकतंत्र में महत्वपूर्ण योगदान है।

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रांतीय पत्रकार सम्मान समारोह में बोलते हुए राष्ट्रीय महासचिव एनयूजेआई सुरेश शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में पत्रकारिता का राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान है लेकिन आज के दौर में सच लिखने वाले हिम्मत करने वाले पत्रकारों का शोषण चिंता का विषय है। पत्रकारों को पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने की जरूरत है।

## मेवात धार्मिक यात्रा को लेकर हरियाणा सीमा पर सख्त हुआ पहरा

### एसपी देहात टीम सहित मौके पर रहे मौजूद, चला संघन चेकिंग अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**यूपी की** सीमा से सटे मेवात क्षेत्र में चल रहीं गतिविधियों के चलते मथुरा जनपद के हरियाणा राज्य की सीमा से लगे क्षेत्रों में सख्ती बरती जा रही है। पुलिस सोशल मीडिया की गतिविधियों पर भी लगातार नजर बनाए हुए है। किसी तरह का माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को सख्त हिदायत दी गई है। हरियाणा के नूंह में सोमवार को निकाली गई ऐलानियां धार्मिक शोभायात्रा को लेकर मथुरा जनपद के सीमावर्ती इलाकों में भी हलचल रही। मेवात में निकाली गई ब्रज



मंडल यात्रा को लेकर हरियाणा सीमा पर यूपी पुलिस ने पहरा सख्त कर दिया। अधिकारी पल पल की अपडेट लेते रहे। पुलिस लगातार ग्रामीणों से संपर्क करती रही और जमीनी स्तर की गतिविधियों का इनपुट जुटाती रही। यात्रा में शामिल होने के लिए यहां से लोग जा रहे हैं या नहीं और यात्रा को लेकर किस तरह का माहौल है इसका भी अपडेट पुलिस ले रही है। बॉर्डर पर वाहनों की सघन चेकिंग दिन भर चलती रही। हरियाणा के मेवात क्षेत्र के कस्बा नूहं में सोमवार को ब्रज मंडल यात्रा के पुनः निकाले जाने की घोषणा की गई थी। इसको लेकर यूपी पुलिस शुरू से ही सतर्क थी। रविवार से ही यहां सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त किया गया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों एवं हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों पर नजर रखी जा रही है।

उनसे वार्ता की गई है। वहीं सोमवार को हरियाणा सीमा पर पहरा बढा दिया गया है। पुलिस टीमें लगातार आगमन करने वाले लोगों की जांच पड़ताल करती रहीं। कोटवन बॉर्डर पर एसपी देहात स्वयं मौजूद रहे और वाहनों की चेकिंग करते रहे। देहात से भी वे लगातार पुलिस टीमों से एवं ग्रामीणों से भी संपर्क कर हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

## सरकारी आवास को किराए पर चला रहे आबंटी

**मथुराः कोसीकलां के हाइवे** स्थित गांव अजीजपुर एवम शहर के राठौर नगर के सैनी मोहल्ला में शहरी आवास योजना के तहत बने आवास को आवंटी किराए पर संचालित कर रहे हैं। आवास में आवंटी स्वयं न रहकर अन्य को दे रखा है। इसके एवज में उन्हें ढाई से तीन हजार रुपये प्रतिमाह मिल रहा है। किराए पर आवास लेने वालों में अधिकांश आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जो वहां से असामाजिक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। बसपा सरकार में बनाई गई कांशीराम कॉलोनी में गरीब बनकर बड़ी संख्या में अपात्रों ने सरकारी आवास प्राप्त कर लिए। इनमें से ज्यादातर लोगों ने सरकारी आवास किराए पर उठा दिए हैं, इन आवासों में किराएदार ही रहते हैं। आवास मालिक अपने निजी मकानों में रहते हैं। जबकि अधिकतम आवासों में ताले लटके हुए हैं। इन आवासों के मालिक कहां रहते हैं, इसकी जानकारी पडोसियों तक को नहीं है। वहीं कई आवासों में तो ऐसे लोग हैं, जो जबरदस्ती कब्जा किए हुए हैं। कुछ माह पहले प्रशासनिक अधिकारियों ने यहां पर छापेमारी की गई थी, उस दौरान यह पाया गया था कि कांशीराम आवास में करीब 40 प्रतिशत से अधिक लोग दूसरे के नाम से अलॉट किए हैं कमरे में रह रहे हैं। हालांकि ऐसे लोगों को अल्टीमेटम दिया गया था कि समय सीमा पर आवासों को खाली कर दें। अन्यथा की स्थिति में उनके खिलाफ विधिवत कार्यवाही की जाएगी, लेकिन समय बीतने के बाद अधिकारियों का ध्यान इधर से हट गया और कब्जा करने वालों का मनोबल बढ़ गया। ऐसे मे यहां पहले से भी बदतर स्थिति हो गई, क्योंकि प्रशासन की कार्रवाई के डर से जो लोग कमरा छोड़कर भाग गए थे, वे पुनः आकर कब्जा जमा किए हैं।

## हरियाली तीज मेले में थिरके लोग

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**बृजवासी सेवा** समिति द्वारा हरीयाली तीज मेले, ड्रा आयोजन स्थानीय फार्म हाउस पर किया। जिसमें ऊंट, घोड़ा, झूले, आकर्षक स्टाल, लजीज चाट, चटपटे व्यंजन, वर्फ का गोला, चना जोर गर्म, भेलपूरी, आइसक्रीम के साथ सावन की मल्हारों पर थिरकते, नाचते गाते समिति परिवार के सदस्यों द्वारा मेले का देर रात तक आनन्द लिया गया। दो दर्जन मंचीय प्रस्तुतियों में आया सावन बड़ा मनभावन, झूला झूले राधा प्यारी पर कु. नेहल गर्ग द्वारा व कानों में झुमके वाली तीज आयी हरियाली पर कु. अराध्या गुप्ता द्वारा व वरनी तेरो चांद सरीखो मुखड़ो कोई नजर नहीं लग जावे पर शिखा अग्रवाल द्वारा व इसी तरह सजनी, अनन्त, आरुषी, तपस्या, पूजा, पायल, मोनिका, ममता, लवी, रति, प्राची, अनुष्का, पलक, नंदिनी, श्वेता, अशिका, दिवांशी, मोना, धरनी द्वारा अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

## पहली बार जन्मभूमि मंदिर परिसर के बाहर लगाई जाएगी स्क्रीन

### मंडलायुक्त की पहल पर सहमत हुआ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**श्रीकृष्ण जन्म** स्थान मंदिर परिसर के बाहर भी स्क्रीन इस बार बडी स्क्रीन लगाई जाएंगी जिससे श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण देखने की सुविधा मिल सके। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अब मंदिर के अंदर के साथ ही बाहर भी स्क्रीन पर जन्म के लाइव दर्शन होंगे। इस वर्ष पहली बार मंदिर के बाहर कई स्थानों पर लाइव टेलीकास्ट के लिए स्क्रीन लगाई जाएंगी। ये व्यवस्था मंडलायुक्त रितू माहेश्वरी के निर्देश पर की जाएगी। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी के मुताबिक हम मंदिर के अंदर पहले भी स्क्रीन लगाते थे, इस बार मंदिर के बाहर भी लगाएंगे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर अपने आराध्य के प्राकट्य का साक्षी बनने की लालसा लिए लाखों श्रद्धालु कान्हा की नगरी की ओर चल पडते हैं। पहनावे, भाषा, रंग रूप में अलग होते हुए भी सब के मन में एक ही लालसा रहती है कि वह अपने आराध्य प्रभु श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के साक्षी बन कर जीवन को धन्य कर लें। इस क्षण को अपनी आखों में बसाने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान के भागवत भवन, मंदिर परिसर और मंदिर के बाहर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुट जाती है। भागवत भवन में सीमित स्थान होने के चलते जैसे जैसे मध्यरात्रि के समय निकट आता है भीड़ का दबाव बढ़ने लगता है। हर कोई इस क्षण पर भागवत भवन के अंदर मौजूद रहने की कामना पाले होता है। लेकिन सभी भक्तों की यह मुराद पुरी नहीं होती है। भीड के दबाव को नियंत्रित करने के साथ ही यह प्रयास भी किया जा रहा है कि यहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं को कान्हा के जन्म अभिषेक का साक्षी बनने का मौका मिले।

मथुरा दौरो पर आईं मंडलायुक्त के साथ बैठक में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने इस पर सहमति जताई है। अब तक केवल मंदिर के अंदर ही स्क्रीन लगाई जाती थीं।

## जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो यमुना एक्सप्रेस वे पर होगा प्रदर्शन

### आगरा उत्तरी बाईपास पर कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं किसान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**आगरा उत्तरी** बाईपास पर कट की मांग को लेकर नगला गुखरौली गढ़ी सुख्खा, सरायसालवान, नाहर गढ़ी, नेरा, सेहत, बरौली आदि दर्जनों गांवों के ग्रामीण आंदोलित हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि हम अनंतकाल तक ऐसे ही धरने पर नहीं बैठे रहेंगे। प्रशासन हमारी बात सुन नहीं रहा है। अगर हमारी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया जाता है तो यमुना एक्सप्रेस वे हमार अगला धरना स्थल होगा। धरना दे रहे किसानों का कहना है कि उनकी जायज मांगों को भी



शासन व जिला प्रशासन अनदेखा कर रहा है। अगर प्रशासन का यही रवैया रहा तो सर्वदलीय किसान संघर्ष समिति अपने आंदोलन को तेज करते हुए अपनी मांग को सरकार तक पहुंचाने को जल्द ही यमुना एक्सप्रेस वे पर प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। इसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। किसान अपने हक को लेकर अब जाग चुके हैं। धरने पर बैठे राघवेंद्र सिंह ने कहा कि हद की बात है उनके खेतों से होकर सिक्स लेन का आगरा उत्तरी बाईपास बनाया जा रहा है और वही उस पर आ और जा नहीं पाएंगे।

इस दौरान देवेंद्र सरपंच, सत्यदेव चौधरी, सत्यदेव शर्मा, गजेंद्र सिंह, कोमल सिंह, सुरेंद्र सिंह, हाकिम सिंह, राम खिलौना मास्टर, हरभजन सिंह, शिवचरण शर्मा, कुमार पाल, बाबूलाल, देवेंद्र सरपंच, चौटाला, शिवचरण, पंडित रामबाबू, विशंभर, रोशन, मेंवर, मोहन सिंह, प्रताप सिंह, राजू आदि मौजूद रहे।

## केएम हॉस्पिटल दे रहा मथुरा के 350 गांव में निःशुल्क बस सेवा

### बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं अब केएम सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में उपलब्धः किशन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**केएम सुपर** स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की टीम इन दिनों मथुरा जिले के गांव गांव जाकर गंभीर व सामान्य बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को उनके घर से लाकर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों का परामर्श दिलवा रही है। ओपीडी के लिए मरीजों को कोई अतिरिक्त शुल्क देना नहीं पड़ता है। इसके अलावा गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भर्ती होने पर सभी प्रकार के ऑपरेशन निशुल्क किये जा रहे हैं। इसके अलावा भर्ती होने पर मरीजों के लिए जनरल बैड चार्ज, चिकित्सक विजिट, भोजन व खून की सामान्य जांच निशुल्क उपलब्ध हैं।

मरीज को केवल दवा का खर्च वहन करना होता है। केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की निःशुल्क बस सेवा प्रतिदिन मथुरा के 350 गांवों में दस्तक दे रही है। जिसमें फरह, परखम रूट, महावन दाऊजी रूट, शेरगढ़ छाता केसी पैगांव छैपोगढ़ ऑल झुडावई, मगोर्रा जाजन पट्टी रूट, अडींग राल सहार रूट, जमुनापार लोहवन, झंडा, रामनगला, शीशागढ़ी, खूटा नगला, राजागढ़ी, अकबरपुर, टैंटीगांव समौली, बिदुपुर रूटों के अलावा जिले के अन्य गांवों में निरंतर मरीजों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए सर्वोत्तम इलाज मुहैया करा रही है।

